glossaries ALIVE
BRINGING HINDI WORDS TO LIFE
WITH PRACTICE IN PRONUNCIATION & CONTEXTUAL USAGE

# Glossary 18

Neha Ladha & Rupert Snell | 41m56s

middle-aged
अधेड़

a middle-aged man
अधेड़ आदमी

a middle-aged woman
अधेड़ औरत

translation
अनुवाद m.

to translate
अनुवाद करना

to translate from English into Hindi
अंग्रेज़ी से हिन्दी में अनुवाद करना

mistakes in translation
अनुवाद में गलतियाँ

Many things get lost in translation.
कई चीज़ें अनुवाद में गुम हो जाती हैं।

Please translate this into English.
इसका अंग्रेज़ी में अनुवाद कीजिए।

I couldn't find a good translation of the Ramayana.
मुझे रामायण का अच्छा अनुवाद नहीं मिला।

application
अर्ज़ी f.

to apply for a job
अर्ज़ी देना

I applied for dozens of jobs.
मैंने दर्ज़नों कामों के लिए अर्ज़ियाँ दीं।

Please read my application.
मेरी अर्ज़ी पढ़िए।

sky
आकाश m.

The sky is clear today.
आज आकाश साफ़ है।

There are clouds in the sky.
आकाश में बादल हैं।

I feel as though I am flying in the sky.
मुझे ऐसा महसूस हो रहा है जैसे कि मैं आकाश में उड़ रही हूँ।

Look up at they sky.
आकाश की ओर देखो।

cordially, in a friendly way
आत्मीयता से

He greeted me very cordially.
वह मुझ से बहुत आत्मीयता से मिला।

sun
आफ़ताब m.

sun
सूरज m.

surprise
आश्चर्य m.

I was very surprised.
मुझे बहुत आश्चर्य हुआ।

If I call the sun *aftaab*, people will be surprised.
अगर मैं सूरज को आफ़ताब कहूँ तो लोगों को आश्चर्य होगा।

astonishing
आश्चर्यजनक

an astonishing thing
आश्चर्यजनक चीज़

an astonishing event
आश्चर्यजनक घटना

It may be astonishing, but it is true.
शायद आश्चर्यजनक हो मगर सच है।

sole, only
इकलौता

my only son
मेरा इकलौता बेटा

romantic love
इश्क़ m.

He always thinks about love.
वह हमेशा इश्क़ के बारे में सोचता है।

She's half crazy with love.
वह इश्क़ में आधी पागल है।


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

All these songs are about love.
ये सारे गाने इश्क़ के बारे में हैं ।

clothes iron
इस्तरी f.

to iron the clothes
कपड़ों को इस्तरी करना

the man who does the ironing
वह व्यक्ति जो इस्तरी करता है

The man who does the ironing knows everyone on the street.
वह व्यक्ति जो इस्तरी करता है सड़क पर रहने वाले सभी लोगों को जानता है ।

Ask the *istri-vala* which house is theirs.
इस्तरी-वाले से पूछो उनका घर कौनसा है ।

to make something fly
उड़ाना

We fly kites.
हम पतंग उड़ाते हैं ।

kite
पतंग f.

When we fly kites we have a lot of fun.
जब हम पतंग उड़ाते हैं तो बहुत मज़ा आता है ।

People who fly kites from the roof sometimes fall.
वह लोग जो छत से पतंग उड़ाते है कभी कभार गिर जाते हैं ।

I wasted all my money.
मैंने अपना सारा पैसा उड़ा दिया ।

to be bored
ऊबना

I got bored.
मैं ऊब गयी ।

I would quickly get bored living in a small town.
मैं छोटे शहर में रहते जल्दी ऊब जाती ।

to be bored
बोर होना

one or two, a couple (of)
एकाध

After reading a couple of his books I got bored.
उसकी एकाध किताबें पढ़ने के बाद मैं ऊब गयी ।

A couple of people have come to see you.
एकाध लोग आप से मिलने आए हैं ।

glasses (spectacles)
ऐनक f., चश्मा m.

step, pace
क़दम m.

one step further
एक क़दम आगे

We're taking an important step.
हम एक अहम क़दम उठा रहे हैं ।

to take a step
क़दम उठाना

one small step for man
मनुष्य के लिए एक छोटा क़दम

a lack or want
कमी f.

Here we don't lack anything.
हमें यहाँ कोई कमी नहीं है ।

If you're short of money ask your father.
अगर तुम्हें पैसे की कमी है तो अपने पिताजी से माँगो ।

miracle, wonder
कमाल m.

You won this competition at such a young age? Amazing!
तुमने इतनी छोटी उम्र में यह प्रतियोगिता जीत ली ? कमाल कर दिया !

Sachin Tendulkar is an amazing cricketer!
सचिन तेंडुलकर एक कमाल के क्रिकिटर हैं !

Great! You've worked a miracle!
कमाल है !

oath
क़सम f.

to swear an oath
क़सम खाना

He swore [an oath] he would not do it again.
उसने क़सम खाई कि वह वापस नहीं करेगा ।

ear
कान m.

Most animals have two ears.
ज़्यादातर जानवरों के दो कान होते हैं ।

Donkeys have big ears.
गधों के लंबे कान होते हैं ।

ear and nose
कान और नाक


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

my ear
मेरा कान

my nose
मेरी नाक

ear, nose, and throat
कान, नाक, और गला

throat, neck
गला m.

My throat is sore.
मेरा गला ख़राब है ।

to cut someone's throat
किसी का गला काटना

to strangle someone
गला घोटना

He sings very well.
उसका गला बहुत अच्छा है ।

to embrace
गले लगाना

God
खुदा m.

I swear by God.
मैं खुदा की क़सम खाके कहती हूँ ।

God knows.
खुदा जाने ।

God knows what will happen.
खुदा जाने क्या होगा ।

open
खुला

The door is open.
दरवाज़ा खुला है ।

He's a very open person.
वह बहुत खुला आदमी है ।

open air
खुली हवा

I like to walk in the open air.
मुझे खुली हवा में चलना पसंद है ।

to fall
गिरना

Prices fall.
दाम गिरते हैं ।

People fall.
लोग गिरते हैं ।

She fell.
वह गिर गई ।

I caught her as she fell.
जैसे वह गिर रही थी मैंने उसे पकड़ लिया ।

lap, embrace
गोद f.

to hold a child in the lap
बच्चे को गोद में पकड़ना

She came into the room holding the baby in her arms.
वह बच्चे को गोद में लिए कमरे में आई ।

grass
घास f.

green grass
हरी घास

Grass doesn't grow very well in the shade.
छाँव में घास अच्छे से नहीं उगती ।

Grass doesn't grow very well in the shade of the tree.
पेड़ की छाँव में घास अच्छे से नहीं उगती ।

Cows eat grass.
गायें घास खाती हैं ।

If cows eat so much grass, why isn't their milk green?
गायें इतना घास खाती हैं तो उनका दूध हरा क्यों नहीं ?

to turn, go around
घूमना

to make go around
घुमाना

When I turn the wheel, it turns.
जब मैं पहिया घुमाती हूँ तो वह घूमता है ।

The wheel only turns when I turn it.
पहिया तभी घूमता है जब मैं उसे घुमाती हूँ ।

to choose
चुनना

I chose this kind of life.
मैंने ऐसी ज़िंदगी चुनी ।

A new minister was selected.
एक नया मंत्री चुना गया ।

People are chosen in elections.
चुनाव में लोग चुने जाते हैं ।

election
चुनाव m.

to win an election
चुनाव जीतना


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

to lose an election
चुनाव हारना

quiet, silent
चुप

He refuses to stay silent.
वह चुप रहने से मना कर रहा है ।

Tell him to shut up.
उससे चुप रहने को बोलो ।

land
ज़मीन f.

We have some land in the village.
हमारे पास गांव में कुछ ज़मीन है ।

Land is very expensive.
ज़मीन बहुत महंगी है ।

People often fight about land.
लोग अक्सर ज़मीन के लिए लड़ाई करते हैं ।

I want to buy some land.
मैं कुछ ज़मीन ख़रीदना चाहती हूँ ।

I want to buy some land to build a house.
मैं मकान बनाने के लिए कूछ ज़मीन ख़रीदना चाहती हूँ ।

recognized, known, familiar
जाना-पहचाना

He's a well-known poet.
वह जाना-पहचाना कवि है ।

a well-known voice
जानी-पहचानी आवाज़

Now we'll hear a well-known voice.
अब हम एक जानी-पहचानी आवाज़ सुनेंगे ।

some familiar problems
कुछ जानी-पहचानी समस्याएं

clear, evident
ज़ाहिर

It's clear that he doesn't know.
ज़ाहिर है कि उसे नहीं पता ।

It's clear that he doesn't know anything about it.
ज़ाहिर है कि उसे उस के बारे में कुछ नहीं पता ।

We want to make something clear.
हम कुछ ज़ाहिर करना चाहते हैं ।

obstinacy
ज़िद f.

obstinate
ज़िद्दी

He is very obstinate.
वह बहुत ज़िद्दी है ।

He is the most obstinate person I know.
मेरे अनुभव में वह सबसे ज़िद्दी व्यक्ति है ।

He is insisting that he will recite his poem.
वह ज़िद कर रहा है कि वह अपनी कविता सुनाएगा ।

to sway
झूमना

The trees were swaying in the wind.
हवा में पेड़ झूम रहे थे ।

When they heard you singing they all began swaying.
जब उन्होंने आप को गाते हुए सुना तो वह सब झूमने लगे ।

to collide
टकराना

The red car collided with the bicycle.
लाल गाड़ी साइकिल के साथ टकरा गई ।

Two planes collided in mid-air.
दो हवाई जहाज़ बीच हवा में टकरा गए ।

He got hurt when the cars collided.
वह चोटिल हो गया जब गाड़ियाँ टकरा गईं ।

to drop in, appear unexpectedly
टपकना

Where did you drop in from?
आप कहां से टपक गए ?

to stroll
टहलना

We often stroll on the riverbank.
हम अक्सर नदी (के) किनारे पर टहलते हैं ।

I was strolling along singing.
मैं गाते हुए टहल रही थी ।

to break, be broken
टूटना


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

I broke my arm.
मेरा हाथ टूट गया।

a broken window
टूटी हुई खिड़की

broken toys
टूटे हुए खिलौने

Mend the broken things.
टूटी हुई चीज़ों की मरम्मत करो।

Mend whatever is broken.
जो भी टूटा हुआ है उसकी मरम्मत करो।

Don’t mend things that aren’t broken.
जो चीज़ें टूटी हुई नहीं हैं उनकी मरम्मत मत करो।

to be fed up
तंग आना

Sometimes I get fed up writing wordlists.
कभी कभी मैं शब्दावलियाँ लिखते हुए तंग आ जाती हूँ।

People are fed up with terrorism.
लोग आतंकवाद से तंग आ चुके हैं।

terrorism
आतंकवाद m.

terrorist
आतंकवादी m.

We [have] got fed up with the same old films.
हम वही पुरानी फ़िलमें देखते हुए तंग आ चुके हैं।

divorced
तालक़-शुदा

three divorced men
तीन तालक़-शुदा आदमी

to be determined to do something
तुलना

He is determined to work in Bollywood.
वह बॉलीवुड में काम करने पे (पर) तुला हुआ है।

quick, rapid
तेज़

a fast train
तेज़ ट्रेन

He’s got a quick mind.
उसका तेज़ दिमाग़ है।

a quick way to lose weight
वज़न कम करने का तेज़ तरीक़ा

the fastest way to lose weight
वज़न कम करने का सबसे तज़ तरीक़ा

a fast moving car
तेज़ चलने-वाली गाड़ी

to hold, support (something)
थामना

to hold someone’s hand
किसी का हाथ थामना

He held the little boy’s hand.
उस ने लड़के का हाथ थामा।

Hold my hand, I’m feeling afraid.
मेरा हाथ थामिए, मुझे डर लग रहा है।

pity, compassion
दया f.

I felt pity for him.
मुझे उस पर दया आ गई।

Do you have no compassion?
क्या आप के पास कुछ दया नहीं है?

Is there no compassion in your heart?
क्या आप के दिल में कोई दया नहीं है ?

We feel pity for people who have nothing.
जिन लोगों के पास कुछ नहीं है उन पर हमें दया आती है।

tailor
दर्ज़ी m.

Get some clothes made by the tailor.
दर्ज़ी से कुछ कपड़े बनवा लो।

How much does the tailor charge?
दर्ज़ी कितना लेता है ?

We don’t find this kind of tailors in my country.
एसे दर्ज़ी हमारे देश में नहीं मिलते।

tale, narrative
दास्तान f.


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

The tale of Laila and Majnun is very well known.
लैला मजनू की दास्तान बहुत जानी पहचानी है।

These tales tell us a lot about life and love.
ये दास्तानें हमें ज़िंदगी और प्यार के बारे में बहुत कुछ बताती हैं।

to cause to be given
दिलवाना

Please get me some new clothes.
मुझे नये कपड़े दिलवाइए।

They got Neha a scholarship.
उन्होंने नेहा को छात्रवृत्ति दिलवाई।

to appear, be visible
दिखना

He doesn't look pleased.
वह खुश नहीं दिख रहा।

We don't see a solution to the problem.
हमें समस्या का समाधान नहीं दिख रहा।

The politicians were looking gloomy.
नेतागण उदास दिख रहे थे।

After the election the politicians were looking gloomy.
चुनाव के बाद नेतागण उदास दिख रहे थे।

grief, pain, suffering
दुःख m.

We have to suffer grief in this world.
हमें इस दुनिया में दुःख झेलना पड़ता है।

to suffer
झेलना

How to avoid grief?
दुःख से कैसे बचें?

You shouldn't cause people grief for no reason.
आप को बिना किसी कारण लोगों को दुःख नहीं पहुँचाना चाहिए।

to cause grief
दुःख पहुँचाना

work, occupation
धंधा m.

What's his work?
उस का धंधा क्या है?

I've been doing this work for ten years.
मैं दस सालों से यह धंधा कर रही हूँ।

I've been doing this work all my life.
मैंने अपनी पूरी ज़िंदगी यह धंधा किया है।

If he loses his job he'll have to find some other work.
अगर उसका यह धंधा चला गया तो उसे कोई और धंधा ढूँढ़ा पड़ेगा।

pomp, show
धूमधाम m.

The wedding was celebrated with a lot of pomp.
शादी धूमधाम से मनाई गई।

We should begin this program with a lot of pomp.
हमें धूमधाम से यह कार्यक्रम शुरू करना चाहिए।

I'm Indian not American.
मैं भारतीय हूँ, न कि अमरीकन।

and not
न कि

I want pakoras, not samosas.
मुझे पकोड़े चाहिए न कि समोसे।

This house is his, not theirs.
यह घर उसका है न कि उनका।

dance
नृत्य m.

She's learning Indian dance.
वह भारतीय नृत्य सीख रही है।

She's learning *kathak*.
वह कत्थक (कथक m.) नृत्य सीख रही है।

Tomorrow evening there will be a dance program.
कल शाम एक नृत्य कार्यक्रम होगा।

good, virtuous, decent
नेक

He's a very decent person.
वह बहुत नेक इनसान है।


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

He's a person with a good heart.
वह नेक-दिल इनसान है।

kite
पतंग f.

Flying kites is fun.
पतंग उड़ाना मज़ेदार है।

I love flying kites.
मुझे पतंग उड़ा-उड़ाना बहुत पसंद है।

circumstance
परिस्थिति f.

circumstances
परिस्थितियाँ

difficult circumstances
कठिन परिस्थितियाँ

considering the circumstances
परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए

The circumstances are changing.
परिस्थितियाँ बदल रही हैं।

to hurt, harm
चोट पहुँचाना

I didn't mean to hurt him.
मैं उसे चोट नहीं पहुँचाना चाहती थी।

to convey, deliver
पहुँचाना

We have to get the food to the hungry people.
हमें भूखे लोगों तक खाना पहुँचाना है।

familial
पारिवारिक

his family circumstances
उस की पारिवारिक परिस्थितियाँ

my family history
मेरा पारिवारिक इतिहास

nearby
पास

We live nearby.
हम पास में रहते हैं।

Come close.
पास आओ।

to be born
पैदा होना

He was born in Delhi.
वह दिल्ली में पैदा हुआ था।

Where were you born?
आप कहां पैदा हुए थे ?

to appear, seem
प्रतीत होना

it seems that...
प्रतीत होता है कि

It seems that the prime minister is ill.
प्रतीत होता है कि प्रधान मंत्री बीमार है।

prime minister
प्रधान मंत्री m.

The Prime Minister did not intend to harm anyone.
प्रधान मंत्री किसी को चोट नहीं पहुँचाना चाहते थे।

in the meantime
फ़िलहाल

For now, I'll wait here.
फ़िलहाल में यहाँ इंतज़ार करूँगी।

For the time being, we're watching this movie.
फ़िलहाल हम यह फ़िल्म देख रहे हैं।

to escape, survive
बचना

How did you escape from that boring class?
तुम उस उबाऊ कक्षा से कैसे बचे ?

It's impossible to escape.
बचना ना मुमकिन है।

How will you escape?
तुम कैसे बचोगे ?

How will you escape from that class?
तुम उस कक्षा से कैसे बचोगे ?

Who rescued you?
तुम्हें किसने बचाया ?

to rescue, save
बचाना

We tried to save him.
हमने उसे बचाने की कोशिश की।


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

We tried to save the drowning man.
हमने डूबते हुए आदमी को बचाने की कोशिश की।

forest, wood, jungle
वन (also बन) m.

He wants to live alone in the forest.
वह वन में अकेला रहना चाहता है।

to dwell, settle, inhabit
बसना

We've settled here in America.
हम यहाँ अमरीका में बस चुके हैं।

We're waiting for a visa. In the meantime, we've settled here.
हम वीज़ा का इंतज़ार कर रहे हैं। फ़िलहाल हम यहाँ बस गये हैं।

to settle, found
बसाना

This city was founded about 150 years ago.
यह शहर एक सौ पचास साल पहले बसाया गया था।

Before the city was founded, there was nothing here.
शहर को यहाँ बसाने से पहले यहाँ पर कुछ नहीं था।

settlement, inhabited area, slum
बस्ती f.

In big cities, you'll see a lot of slum areas.
बड़े शहरों में तुम बहुत सारे बस्तियाँ देखोगे।

There's a slum right opposite the hotel.
होटल के सामने बस्ती है।

He was born in a slum, but he became a millionaire.
वह बस्ती में पैदा हुआ था मगर वह फ़िर लखपति बन गया।

to interrupt
बात काटना

I'm interrupting you.
मैं आपकी बात काट रही हूँ।

Please don't interrupt me.
मेरी बात मत काटिए।

It's rude to interrupt someone.
किसी की बात काटना ग़लत है।

to think of doing, intend to do something
की (बात) सोचना

I'm thinking of going to Jaipur in January.
मैं जनवरी में जयपुर जाने की सोच रही हूँ।

We're thinking of going out this evening.
हम आज शाम को बाहर जाने की सोच रहे हैं।

to pass (as of time)
बीतना

Time passes.
समय बीतता है।

Time passes very fast.
समय बहुत जलदी बीतता है।

Half my life has already passed.
मेरी आधी ज़िंदगी बीत चुकी है।

restless
बेचैन

You seem very restless.
आप बहुत बेचैन दिखाई दे रहे हैं।

Your questions disturbed him.
आपके प्रश्नों ने उसे बेचैन कर दिया।

In film songs, someone is always *bechain* because of love.
फ़िल्मी गाना में कोई न कोई हमेशा प्यार के कारण बेचैन होता है।

sitting room
बैठक f.

We have three bedrooms and one sitting room.
हमारे पास तीन सोने के कमरे हैं और एक बैठक।

We have to repair the fan in the sitting room.
हमें बैठक में जो पंखा है उसकी मरम्मत करनी है।

repair
मरम्मत f.

to repair
की मरम्मत करना

These days, some people repair their own houses.
आजकल कुछ लोग अपने घर की मरम्मत खुद करते हैं।


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

Do you know how to repair this?
क्या आपको इस की मरम्मत करना आता है ?

happy, delighted
मस्त

We should always be happy.
हमें हमेशा मस्त रहना चाहिए ।

He always seems happy in his work.
वह हमेशा अपने काम में मस्त रहता है ।

to join (e.g. hands); mix
मिलाना

to shake hands
हाथ मिलाना

Some people don't like to shake hands, so they do *namaskar* instead.
कुछ लोगों को हाथ मिलाना पसंद नहीं, इसीलिए उस के बजाय वे नमस्कार करते हैं ।

He shook hands with my father and smiled.
उसने मेरे पिताजी से हाथ मिलाया और फ़िर एक मुसकान दी ।

to smile
मुस्कराना

a smiling face
मुस्कराता हुआ चेहरा

It costs nothing to smile.
मुस्कराने में पैसा नहीं लगता ।

He smiles all day.
वह पूरे दिन मुस्कराता है ।

origin
मूल m.

of Indian origin
भारतीय मूल का

people of Indian origin
भारतीय मूल के लोग

There are a lot of people of Indian origin in this city.
इस शहर में भारतीय मूल के कई लोग रह रहे हैं ।

that is to say, in other words
यानी

an e-mail, that is, a message sent by a computer
ईमेल – यानी कि कंप्यूटर से भेजा हुआ संदेश

I'll come for a bit, that is to say, I'll stay until 6.
मैं थोड़ी देर के लिए आऊँगी – यानी कि मैं छः बजे तक रहूँगी ।

Your essay wasn't too bad, in other words, I've seen worse.
तुम्हारा निबंध ज़्यादा बूरा नहीं था यानी कि मैंने इससे भी बुरे देखे हैं ।

opinion
राय f.

in my opinion
मेरी राय में

They want to know your opinion.
वे आपकी राय जानना चाहेंगे ।

Please express your own opinion.
अपनी राय बताइए ।

We want to know our listeners' opinion.
हम अपने श्रोताओं की राय सुनना चाहते हैं ।

We want to know our listeners' opinion about these recordings.
हम इन रिकॉर्डिंग्ज़ के बारे में अपने श्रोताओं की राय सुनना चाहते हैं ।

silk
रेशम m.

a silk *sari*
रेशम की साड़ी

Silk is very expensive.
रेशम बहुत महँगा होता है ।

To buy silk clothes, you need to be well off.
रेशम के कपड़े ख़रीदने के लिए आपके पास पैसा होना चाहिए ।

A rich man is called a millionaire.
एक अमीर आदमी को लखपति कहते हैं ।

millionaire
लखपित m.

I've met a lot of millionaires.
मैं बहुत लखपतिओं से मिली हूँ ।

I've met a lot of millionaires of Indian origin.
मैं भारतीय मूल के कई लखपतिओं से मिली हूँ ।

to apply, fix
लगाना


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

to have an injection
सूई लगाना

We all had an injection.
हम सब ने सूई लगवाई।

to find out
पता लगाना

We'll try to find out.
हम पता लगाने की कोशिश करेंगे।

I'll try to find out where you can get good silk clothes.
आपको अच्छे रेशम के कपड़े कहाँ मिल सकते हैं मैं पता लगाने की कोशिश करूँगी।

beyond compare
लाजवाब

She's beyond compare.
वह लाजवाब है।

to make lie down
लिटाना

The children were made to lie on the bed.
बच्चों को पलंग पे लिटा दिया गया।

He wasn't feeling well, so we made him lie down.
उसकी तबीयत ठीक नहीं थी इसलिए हमने उसे लिटा दिया।

I lay down too.
मैं भी लेट गयी।

to lie, recline
लेटना

When I get tired, I just lie on the floor for a few minutes.
जब मैं थक जाती हूँ तो मैं कुछ मिनटों के लिए फ़र्श पर ही लेट जाती हूँ।

I was lying on the floor when my boss came in.
मैं फ़र्श पर लेटी हुई थी जब मेरे मालिक अंदर आ गए।

When he saw me, he was rolling around in laughter.
जब उन्होंने मुझे देखा तो वे हँसी से लोट-पोट हो गए।

rolling, helpless (with laughter)
लोट-पोट

Then at the meeting he described what he had seen.
फ़िर मीटिंग में उन्होंने घटना का वर्णन किया।

description
वर्णन m.

to describe
वर्णन करना

First, he described my office.
पहले उन्होंने मेरे दफ़्तर का वर्णन किया।

Then he said I'd been lying on the floor.
फ़िर उन्होंने बताया कि मैं फ़र्श पर लेटी हुई थी।

He told the whole story.
उन्होंने पूरी कहानी सुनाई।

He told everything in detail.
उन्होंने सब कुछ बहुत विस्तार से सुनाया।

at length, in detail
विस्तार से

He told me he would increase my salary.
उन्होंने मुझे बताया कि वे मेरा वेतन बढ़ाएंगे।

pay, salary
वेतन m.

My salary isn't bad, but I'm not a millionaire.
मेरा वेतन बुरा नहीं है मगर मैं एक लखपति भी नहीं हूँ।

doubt, suspicion
शंका f.

I doubt if he will really increase my salary.
मुझे शंका है कि वह मेरा वेतन भी बढ़ाएंगे।

I have many doubts about my boss.
मुझे अपने मालिक पे बहुत शंकाएँ हैं।

Actually he's an odd fellow.
असल में वह अजीब शख़्स है।

a fellow, individual
शख़्स m.

shame
शर्म f.

to feel ashamed
शर्म आना


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

I felt ashamed when he saw me on the floor.
जब उन्होंने मुझे फ़र्श पर देखा तो मुझे शर्म आ गई ।

I explained to him I was very tired.
मैंने उन्हें समझाया कि मैं बहुत थकी हुई थी ।

to explain
समझाना

I explained to him that I hadn't slept.
मैंने उन्हें समझाया कि मैं सोई नहीं थी।

Some members of our family had been at our place.
हमारे परिवार के कुछ सदस्य हमारे घर आये थे ।

member
सदस्य m.

I'm a member of this university.
मैं इस विश्वविद्यालय की एक सदस्य हूँ ।

sigh
साँस f.

He sighed.
उन्होंने साँस ली ।

He sighed when I told him the news.
जब मैंने उसे समचार सुनाया तब उसने साँस ली ।

to sigh deeply, heave a deep sigh
ठंडी साँस भरना

He sighed deeply.
उसने ठंडी साँस भरी ।

wife's brother
साला m.

*Sala* is not a good word.
साला एक अच्छा शब्द नहीं है ।

You shouldn't call anyone *sala*...
आपको किसी को साला नहीं बुलाना चाहिए

...only your brother-in-law!
कवल अपनी पत्नी के भाई को !

star
सितारा m.

Look at the stars in the sky.
आकाश में सितारों को देखो ।

beautiful stars
सुंदर सितारे

shining stars
चमकते हुए सितारे

to shine
चमकना

to cause to be sewn
सिलवाना

I'll get some new clothes sewn.
मैं कुछ नए कपड़े सिलवाऊँगी ।

My sister got a new *salwar qameez* made.
मेरी बहन ने एक नई सलवार क़मीज़ सिलवाई ।

connection
सिलसिला

in connection with
के सिलसिले में

I want to talk to you in connection with your work.
मैं आपके धंधे के सिलसिले में आपसे बात करना चाहती हूँ ।

to make sleep
सुलाना

I always put the children to sleep by telling them a long story.
मैं हमेशा बच्चों को लंबी कहानी सुनाकर सुला देती हूँ ।

to occur to the mind
सूझना

Suddenly an idea occurred to me.
अचानक मुझे एक विचार सूझा ।

noise, tumult
शोर m.

There was a lot of noise going on outside.
बाहर बहुत शोर हो रहा था ।

The children were creating a racket.
बच्चे बहुत शोर मचा रहे थे ।

permanently
स्थायी रूप से

They live here permanently.
वे यहाँ स्थायी रूप से रहते हैं ।


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin

I want to live in India permanently.
मैं भारत में स्थायी रूप से रहना चाहती हूँ ।

nature, disposition
स्वभाव m.

His nature is like that. He's very kind.
उसका स्वभाव ही वैसा है । वह बहुत दयावान है ।

to accept
स्वीकार करना

Please accept this gift.
यह तोहफ़ा स्वीकार कीजिए ।

I cannot accept this money.
मैं यह पैसा स्वीकार नहीं कर सकती ।

joking
हँसी-मज़ाक़ m.

We were joking around.
हम हँसी-मज़ाक़ कर रहे थे ।

We always have a lot of fun.
हम हमेशा बहुत हँसी-मज़ाक़ करते हैं ।

to join, shake hands
हाथ मिलाना

They shook hands.
उन्होंने हाथ मिलाए ।


© Hindi Urdu Flagship, The University of Texas at Austin